दिनांक 06.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाई नगर/ नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण विभाग केन्द्र सुपेला की गठित संयुक्त टीम द्वारा आयुक्त के.एल.चौहान के दिये गए निर्देशों के परिपालन में मौसमी बीमारियों की रोकथाम/बचाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विगत अक्टूबर माह में वार्ड क्रं. 14, 30, 19, 12, 60, 29, 04, 21, 17, 28, 06, 63, 31, 13, 24, 37 क्रमशः रामनगर, मुक्तिधाम, बालाजी नगर, शास्त्री नगर केम्प–1, सुपेला पुरानी बस्ती, रिसाली बस्ती, बापू नगर, राधिका नगर, सुन्दर नगर केम्प–1, वृन्दा नगर, छावनी, सुपेला बाजार, रुआबांधा बस्ती, दुर्गा मंदिर कालोनी, राजीव नगर सुपेला, शारदा पारा केम्प–2, चन्द्रशेखर आजाद नगर में कुल 16 नियत स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शिविर स्थल पर आए 382 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें 08 बुखार) आवश्यक रोग निरोधक दवाईयॉ दी गयी। **08 बुखार** से प्रभावित मरीजों का रक्त जांच हेतु रक्त पट्टिका तैयार कर जांच हेतु लैब भेजा गया।

मच्छर उन्मूलन हेतु शिविर संचालन के साथ शिविर स्थल के आसपास क्षेत्र/मोहल्ले में स्थित नालियों एवं जमाव पानी/गन्दे स्थानों पर स्प्रेयर पंप द्वारा 1200 ग्राम बी.लार्वा एवं 11,900 एम.एल. मैलाथियांन का छिड़काव करवाया गया। हैण्डसेट फागींग मशीन द्वारा 3600 एम.एल. मैलाथियांन के धुऐं का छिड़काव करवाया गया।

व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए व्हीकल माउण्टेण्ड फागींग मशीन द्वारा नियत कार्यक्रम अनुसार विगत दिनों **वार्ड 16 कुरुद में** बाजार चौक, यादव मोहल्ला, तालाब पार के आसपास, ढांचा भवन, बाम्बे आवास, कबीर चौक **वार्ड क्रं. 17 वृन्दानगर** में अर्जुन नगर, स्टीलनगर, फोकट पारा, अटल आवास, छपरा मोहल्ला, गौरव पथ, **वार्ड क्रं. 18 प्रेम नगर** में सांई नगर, बी.एस.पी. क्वाटर, मस्जिद मार्ग, चैता मैंदान, संग्राम चौक, **वार्ड क्रं. 19 शास्त्रीनगर** कैम्प–1 में 19 नं. रोड, मेहमान कोल डिपो, तीन दर्शन मंदिर, शंकर नगर **वार्ड क्रं. 26 हाउसिंग बोर्ड छावनी** में सभी एल.आई.जी. एम.आई. जी. क्वार्टर लाईन **वार्ड क्रं. 27 घांसीदास नगर** में फौजी नगर, बाम्बे/अटल आवास बस्ती, **वार्ड क्रं. 20 प्रगति नगर** में अंबेडकर नगर, गुपचुप मोहल्ला, शांतिपारा, मदर टेरेसा नगर, एकतानगर, के सभी मुख्य मार्गो में मैलाथियांन के धुऐं का छिड़काव करवाया गया।

निगम आयुक्त के.एल. चौहान द्वारा जलजनित मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू/मलेरिया से बचने के लिए आम नागरिकों से अपील की गयी है के घर के आसपास नालियों में घर का कचरा डालकर पानी की निकासी में रुकावट न डालें पानी का जमाव आसपास में न होने दें, घर से निकलने वाले अपशिष्ट को रिक्शा मित्र को दें मच्छरों के बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करें नगर निगम क्षेत्र में वार्ड/मोहल्ले में सफाई कार्य में लगे कामगारों का सहयोग कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत् **''अपना भिलाई, सुन्दर भिलाई''** के श्लोगन को स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के सर्वेक्षण में भिलाई शहर को प्रथम स्थान प्राप्त करने में शत् प्रतिशत अपना सहयोग प्रदान करें।

जन सम्पर्क अधिकारी